श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ
(मानित विश्वविद्यालय)
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-16

क्रमांक: एफ.1/लाबशा/प्रशासन/2016-17/2269 दिनांक: 08.02.2017

## कार्यालय आदेश

उच्च अधिकारी के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत की जाने वाली अधिकांश पत्रावलियों में नोटशीट और उनमें संलग्न प्रपत्र व्यवस्थित नहीं होते। कई पत्रावलियों में फटी हुई नोटशीट भी पाई गई हैं। पत्रावलियों के पत्राचार के अंतर्गत रखे गए प्रपत्र भी फटे हुए और मुड़े हुए तथा अनुपयोगी पत्रों की बहुतायत पाई गई है, यह गंभीर स्थिति है। प्रशासन, वित, विकास, शैक्षणिक, परीक्षा तथा इंजीनियरिंग आदि अनुभागों में कार्यरत लिपिकों एवं सहायकों को निर्देश दिया जाता है कि अपने उच्च अधिकारियों को पत्रावली प्रस्तुत करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि पत्रावली में उपयोगी एवं आवश्यक प्रपत्र पृष्ठ संख्या सहित संलग्न है और कोई भी पृष्ठ फटा हुआ या मुड़ा नहीं है, यदि कोई पृष्ठ फटा हो तो उसे सेलो टेप (cello tape) लगा कर उचित स्थिति में व्यवस्थित करें। कार्य के प्रति अपना समर्पण एवं निष्ठा सुनिश्चित करते हुए पत्रावलियों का आवश्यक कार्यवाही के लिए प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है।

यह सूचना कुलसचिव महोदया के निर्देशानुसार जारी की जा रही है।

/
सहायक कुलसचिव(प्रशासन-II)

प्रतिलिपि:-

1. सभी सम्बन्धित सहायकों एवं लिपिकों के सूचनार्थ
2. समस्त सहायक कुलसचिव/उपकुलसचिव
3. निजी सचिव (कुलपति/कुलसचिव)
4. कार्यकारी अभियन्ता
5. सहायक अभियन्ता
6. पुस्तकालयाध्यक्ष
7. सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर को इस आशय से प्रेषित कि वे उक्त सूचना को वेबसाइट पर अंकित करें।
8. सम्बन्धित पत्रावली

सुधा 8/2/17
सहायक कुलसचिव(प्रशासन-II)